## एक नजर में



### डॉक्टर्स गॉट टैलेंट में दी प्रस्तुति

**उज्जैन।** शहर के कालिदास संकुल स्थित बड़े हॉल में 25 अप्रैल की शाम संगीतमय कार्यक्रम डॉक्टर्स गॉट टैलेंट का आयोजन किया गया। सप्त सुर परिवार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएमए उज्जैन के चिकित्सकों ने ऑल टाइम हिट्स गीतों पर अपनी विशेष प्रस्तुति दी। सप्त सुर परिवार के संस्थापक, संयोजक एवं आयोजक डॉ. पिंकेश डफरिया ने बताया कि इस संगीतमय शाम में मुख्य रूप से डॉ. पिंकेश डफरिया, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. पराग शर्मा, डॉ. सम्राट घोष, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील समरवाल, डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. चिन्मय, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. अनिल प्लोड़, डॉ. नन्नोरे, डॉ. मनीष सिद्धा, डॉ. अनुराधा पंचोली, डॉ. कीर्ति देशपाण्डे, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. निवेदिता तिवारी, डॉ. सपना मंगल, डॉ. सपना शर्मा और डॉ. पूजा दाबोवाले ने अपनी स्वर लहरियां बिखेरीं। कार्यक्रम में सूत्रधार की भूमिका डॉ. अर्चना माहेश्वरी और डॉ. अंशु घोष ने निभाई। वहीं मंच प्रबंधन का दायित्व जयेश भावसार ने संभाला।



### पानी बचाओ अभियान, घर-घर देंगे संदेश

**उज्जैन।** बूंद-बूंद से भरता है घड़ा की तर्ज पर जैन यूनिटी फोरम द्वारा जल संरक्षण के लिए पानी बचाओ अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत फोरम के सदस्य अपनी-अपनी कॉलोनियों में घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। नवीन शीतल कोठारी के निवास पर आयोजित फोरम की बोर्ड मीटिंग में इस अभियान की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ग्रुप के संस्थापक मनोज सुराणा ने सभी सदस्य दंपतियों को शपथ दिलाई कि वे घर-घर जाकर पानी बचाओ अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही, वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी से स्वयं के बचाव और दूसरों का ध्यान रखने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रुप द्वारा एक विशेष लक्ष्य के साथ आगामी 6 दिवसीय यात्रा का निर्धारण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र जैन ने सभी का आभार माना। बैठक में मनोज अंजू सुराणा, धर्मेंद्र साधना जैन, ललित मनीषा कोठारी, नितेश जया नाहटा, संतोष तारा सालेचा, अनिल तारा जैन, प्रमोद चंचल पटवा, प्रदीप किरण नाहटा, अंकित अमीषा जैन, राजेश अनीता सोनी, नवीन शीतल कोठारी, अमित अर्पिता बाठिया, जिनेश वर्षा सराफ तथा वीरेंद्र जूली गोलेछा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जानकारी ग्रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।



### मानपुरा में पूजन और जल संवाद सम्पन्न

**उज्जैन।** शनिवार को ग्राम मानपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चयनित नदी चंद्रकेशरी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मोहन नागर, नंदलाल यादव प्रेस क्लब अध्यक्ष, अजीता परमार, शिवप्रसाद मालवीय, अजय जोशी, सरपंच मनोज सिंह तंवर, जय दीक्षित जिला समन्वयक, अतिथियों द्वारा विधि-विधान से उद्गम स्थल पर पूजार्चन कर श्रमदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोहन नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज को संगठित होकर जल स्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य करने का आव्हान किया। अजीता परमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास गांवों के सतत विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में अरुण व्यास, अभय धर्मे एवं कुलदीप राजपुरोहित सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। संचालन राजेश रावल ने एवं आभार मनोज सिंह तंवर ने माना।

### वसीम फैज मोहम्मद बने कांग्रेस के महासचिव

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देश एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की सहमति से समाजसेवी वसीम फैज मोहम्मद को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी एवं समाज में हर्ष का माहौल है। सोऐब खान ने जानकारी देते हुए बताया कि महासचिव पद पर नियुक्ति के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वाशिम भाई बंटी का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त महासचिव वाशिम भाई बंटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष विधायक महेश परमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी साथियों के साथ मिलकर रणनीति बनाकर आगे बढ़ेंगे।

# पराली जलाने गया वृद्ध आग की लपटों में घिरा, मौत



फाइल फोटो

**उज्जैन।** खेत में पराली जलाने गया वृद्ध रविवार दोपहर आग की लपटों में गिर गया। आस-पास कोई नहीं था जिसके चलते वह पूरी तरह जल गया। घटना की जानकारी लगते ही गांव वालों की भीड़ जमा हो गई मौके पर भतीजे ने पहुंचकर पहचान की।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोड़ग में रहने वाला रामेश्वर पिता लक्ष्मण अंजना 60 साल सुबह 11 बजे के लगभग घर से सारीबाड़ी वाली मोड़ स्थित खेत पर पराली जलाने का बोलकर निकला था। दोपहर 2 बजे तक वापस नहीं लौटा, भतीजा दिनेश अंजना खेत पर देखने के लिए पहुंचा। जहां गांव वालों की भीड़ लगी दिखाई दी खेत में पराली भी जल रही थी। गांव वालों की भीड़ के बीच पहुंचने पर एक व्यक्ति जली हुई हालत में मृत पड़ा दिखाई दिया। दिनेश ने अपने काका की तलाश की लेकिन वह दिखाई नहीं दिए। शंका के आधार पर जले व्यक्ति को गौर से देखा, जो रामेश्वर जैसा दिखाई दे रहा था भतीजे दिनेश ने परिवार वालों को बुलाया इस दौरान मृतक के जूते और जले हुए कपड़ों के हिस्से से उसकी पहचान कर ली गई।

मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मामले में मर्ग कायम कर शाम को पोस्टमार्टम कराया गया।

परिजनों ने बताया कि सुबह पराली जलाने का बोलकर निकले थे, रामेश्वर की शादी हो चुकी थी लेकिन बच्चे नहीं थे। वह खेती किसानी का काम करते थे कुछ महीनो से उनका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था।

### नाती की शादी से पहले दुर्घटना में नाना की मौत

उज्जैन। नाती की शादी से पहले नाना की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का साडू भी साथ था जो गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहे थे। इंदौर रोड स्थित ग्राम गोठड़ा में रहने वाला आशाराम पिता भैरुलाल मालवीय 62 वर्ष शनिवार शाम 7 बजे के लगभग अपने साडू रतनलाल पिता भैरुलाल 55 वर्ष के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए घट्टिया तहसील के ग्राम बनड़ा जाने के लिए निकला था। रात 8 बजे के लगभग नजरपुर और जैथल के बीच उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आशाराम और रतनलाल गंभीर घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने आशाराम मालवीय को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आशाराम अपने नाती अविनाश की शादी अपने ही घर से कर रहे थे। रविवार को मंडप का कार्यक्रम रखा गया था। दो दिन बाद ही अविनाश की शादी थी। लेकिन उससे पहले नाना की दुर्घटना में मौत होने से परिवार में शादी की खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। मामले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग डायरी जांच के लिए घट्टिया थाना पुलिस को भेजन की बात कही गई। वहीं दुर्घटना की जानकारी लगने पर घट्टिया थाना पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों के माध्यम से शुरू कर दी गई है।

### तार फेंसिंग पार करने पर हुई दुर्घटना

पुलिस के अनुसार मृतक का जला हुआ शव पड़ोस के खेत में मिला है जो बोहरा समुदाय के व्यक्ति का है। आशंका जताई गई है कि अपने खेत में जलाई गई पराली की आग पड़ोसी के खेत में पहुंच गई थी जिसे बुझाने के लिए तार फेंसिंग पार कर रामेश्वर पड़ोसी के खेत में पहुंचा था। लेकिन तारों में उलझने से गिर गया और आग ने उसे घेर लिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज किया जा रहे हैं। बता दें जिला प्रशासन ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा रखा है।

## रात में दूध डेयरी कर्मचारी ने लगाई फांसी

### फैक्ट्री कर्मी भी फंदे पर लटका मिला

**उज्जैन।** शनिवार को दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में शराब पीकर दूध डेयरी कर्मचारी घर पहुंचा था और कमरे में फंदे पर लटक गया। इससे पहले मक्सी रोड फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने मौत का फंदा गले में डाला था।

नानाखेड़ा क्षेत्र के आनंद नगर में रहने वाला आशीष पिता अंबाराम मालवीय 40 साल दूध डेरी पर काम करता था रात में शराब पीकर घर लौटा था और अपने कमरे में चला गया। देर रात तक कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन उसे देखने पहुंचे। आशीष छत की बल्ली पर लटका हुआ था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और आशीष को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। आशीष द्वारा उठाए गए कदम का कारण सामने नहीं आ पाया है। परिजन भी कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे। इससे पहले शनिवार दोपहर को मक्सी रोड स्थित टाइल्स फैक्ट्री में काम करने वाले मंगलेश पिता बाबूलाल मालवीय 28 साल निवासी नांदेड़ मकड़ोन फैक्ट्री द्वारा दिए गए कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला परिवार की महिला से जुड़ा होना सामने आया है। पंवासा थाना पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

## सामूहिक विवाह में नवदंपतियों ने लिए सात फेरे

- दहेज मुक्त समाज और आर्थिक सशक्तिकरण का संदेश

**उज्जैन। जिले के ग्राम घट्टी में विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में सैकड़ों गरीब युवक-युवतियों का बिना किसी आर्थिक बोझ के विवाह संपन्न हुआ। समाज की संगठित समिति के इस प्रयास ने सामाजिक एकता और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का बड़ा संदेश दिया।**

समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा ने बताया कि विवाह स्थल को पारंपरिक रूप से फूलों और रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समाज ने भविष्य में 100 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

कार्यक्रम की सफलता में प्रदेश और जिला स्तर की टीमों का विशेष योगदान रहा। सम्मेलन के अध्यक्ष अशोक शर्मा इंदौर और सचिव दिनेश विश्वकर्मा के साथ प्रेम शर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, श्याम विश्वकर्मा, निर्मल विश्वकर्मा और मनोज विश्वकर्मा ने अहम भूमिका निभाई। आयोजन को प्रदेशाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, आयोजन में शाजापुर से जिलाध्यक्ष बालचंद विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा सापटी, राजेश विश्वकर्मा और हिरदेश विश्वकर्मा सहित जिला समिति पदाधिकारियों, प्रदेश भर से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने सहयोग दिया। ग्राम घट्टी के ग्रामीण भाइयों, देशवाली परिवार और पाटीदार समाज ने भी स्थान उपलब्ध कराकर व श्रमदान कर आयोजन को सफल बनाया।

## परिवार गया शादी, तिरुपति डायमंड में बदमाशों ने तोड़ा मकान का ताला

**उज्जैन। इंदौर नागदा बायपास मार्ग पर सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। रविवार को परिवार लौटा तो मकान के ताले टूटे हुए थे। बदमाश लाखों के आभूषण और नगदी चुरा कर ले गए हैं।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि इंदौर नागदा बायपास मार्ग पर तिरुपति डायमंड कॉलोनी में इंजीनियर विनय तंवर का मकान बना हुआ है। शनिवार को शादी में शामिल होने के लिए परिवार इंदौर गया हुआ था रविवार दोपहर लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला। बदमाशों ने चार से 5 लाख के आभूषण और 2 लाख से अधिक की नगद राशि चोरी कर ली थी।

### सीसीटीवी में एक्टिवा सवार बदमाश दिखे

परिवार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट टीम्स को बुलाकर जांच शुरू की गई। इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखा जाए तो रात 1.30 बजे के लगभग चोरी की वारदात होना सामने आया एक्टिवा पर सवार दो बदमाश दिखाई दिए हैं जिन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार विनय तंवर इंदौर में इंजीनियर है और उनकी पत्नी उज्जैन में शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

## अब सोलंकी करेंगे शहर विकास, प्राधिकरण के बने अध्यक्ष

- सीएम डॉ. यादव के विजन को मिशन बनाएंगे रवि सोलंकी

  

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच रविवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष पद पर रवि सोलंकी की नियुक्ति की गई है। अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों को आवासीय और व्यावसायिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्राधिकरण का गठन हुआ है। जो शहर विकास की नजीर बन गया। अब एक बार फिर नवागत अध्यक्ष का नए सिरे से योजनाएं बनाकर शहर को आधुनिक स्वरूप देने पर जोर रहेगा। नवभारत से चर्चा में नवागत अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए विकास प्राधिकरण शहर में आधारभूत ढांचे के विस्तार, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के उन्नयन पर काम करेंगे।

### सीएम के बाल सखा- संचालक मंडल भी बनाया

उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त हुए रवि सोलंकी लंबे समय से सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। वे सेवा भारती के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय रहे और कोरोना काल में भी उन्होंने व्यापक स्तर पर सहायता कार्य किए। वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बाल सखा भी हैं। उल्लेखनीय है कि स्वयं डॉ. यादव भी करीब सात वर्षों तक उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके हैं प्राधिकरण में अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष और सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। उपाध्यक्ष पद पर मुकेश यादव और रवि वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामा गुरु, सुशीला जाटव और दुर्गा बिलोटिया को सदस्य बनाया गया है।

### महाकाल व अन्य मंदिरों का सौंदर्यीकरण करना

उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से महाकाल मंदिर क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ-साथ शहर में एक दर्जन से अधिक सड़कों और पुलों का निर्माण जारी है। अन्य प्रमुख मंदिरों के विकास और शहर की सौंदर्य वृद्धि के कार्य भी इसी एजेंसी के जरिए किए जा रहे हैं, जिनकी नियमित समीक्षा अध्यक्ष करेंगे। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य आमजन को मकान, दुकान और फ्लैट उपलब्ध कराना तथा योजनाबद्ध तरीके से शहर का विस्तार करना है। इसके लिए स्टाफ के साथ समन्वय बनाकर सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

## उज्जैन जिला गेहूं खरीदी में प्रदेश में दूसरे स्थान पर : कलेक्टर

- जिले में रबी उपार्जन 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं
- खरीदी में उल्लेखनीय प्रगति



**उज्जैन।** किसानों के हित में प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। वहीं फसलों को खरीदने के लिए उपार्जन केंद्र का संचालन कर वहां पर सभी प्रकार की सुविधाएं किसानों को दी जा रही है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना इस भीषण गर्मी में ना करना पड़े। इसको लेकर जिला कलेक्टर इस व्यवस्था का मॉनीटिरिंग कर बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उज्जैन जिले में रबी उपार्जन वर्ष के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य पूरे जोर-शोर से जारी है। गेहूं खरीदी में उज्जैन जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिला आपूर्ति नियंत्रक शालु वर्मा ने बताया कि विगत 25 अप्रैल को जिले के छोटे, मझोले एवं बड़े सभी कृषकों से गेहूं की खरीदी प्रारंभ की गई। इस दिन कुल 916 कृषकों से 5,680 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से की गई। इसी दिन 10,182 किसानों ने अपनी उपज विक्रय हेतु नवीन स्लॉट बुक किए।

### 68,623 स्लॉट अब तक बुक हो चुके हैं

आज दिनांक तक कुल 68,623 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए जा चुके हैं, जिनमें से 41,862 किसानों से 1,76,798 टन गेहूं की खरीदी पूरी की जा चुकी है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी उपार्जन केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा के लिए ग्लूकोज, ओआरएस तथा अन्य आवश्यक औषधि किट उपलब्ध कराई जा रही है।

## जन भागीदारी से अभियान को सुनिश्चित करें

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश अनुसार भू जल स्तर को संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन 2026 प्रदेशरूपी अभियान प्रचलित है जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कुएं बावड़िया तालाब आदि के समुचित साफ सफाई कर जल के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में नगर निगम शिवाजी भवन में सभी जोनल अधिकारी, भवन अधिकारियों, भवन निरीक्षक स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ बैठक आयोजित की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं रेन वाटर हाउसिंग सिस्टम का प्रचार प्रसार कर बावड़ी तालाब की सूची वार्ड बार अपडेट करें। निगम आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि नगर पालिक निगम द्वारा करीबन 101 रिचार्ज सॉफ्ट का लक्ष्य लेकर 25000 रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य निर्धारण किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत हुए बावड़ी तालाब की जल संरक्षण के कार्य की सफल स्टोरी को अखबार के माध्यम से प्रकाशित करे। बैठक में निगम आयुक्त द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026के अंतर्गत सभी भवन अधिकारी भवन निरीक्षक स्वास्थ्य निरीक्षक सुबह से ही एक्टिव मोड पर कार्य करने हेतु निर्देश दिए।

**महाकाल लोक निरीक्षण** ▶ श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा, फैसिलिटी सेंटर 3 नि : शुल्क अन्नक्षेत्र

## सिंहस्थ-28 के लिए महाकाल में चल रहे निर्माण देखने पहुंचे अधिकारी

**उज्जैन। सिंहस्थ-28 के लिए महाकाल मंदिर में भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई बड़े निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। रविवार को अफसरों की टीम निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची।**



महाकाल मंदिर परिसर व महाकाल लोक के अंदर विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिन्हें देखने के लिए संभाग आयुक्त एवं मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी सहित विभिन्न विभागों के अफसर निर्माण स्थल का भ्रमण करने पहुंचे और प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। अफसरों ने फैसिलिटी सेंटर 3, नि:शुल्क अन्नक्षेत्र, हरसिद्धि रोड, नृसिंह घाट रोड, झलारिया मठ, संतोषी माता मंदिर, रामघाट रोड आदि स्थानों का निरीक्षण कर अफसरों ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाए ताकि सिंहस्थ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके।



### नागालैंड के राज्यपाल ने किए महाकाल दर्शन

नागालैंड के राज्यपाल नन्द किशोर यादव रविवार को उज्जैन आए। वे तड़के 4 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे और भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने नंदीहाल से पूरी आरती देखी। इसके बाद बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने मंत्रोच्चार कर उनका पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात मंदिर प्रबंध समिति की ओर से राज्यपाल श्री यादव का स्वागत किया गया।

## जल संरचनाओं का संरक्षण और संवर्धन जारी

- जनपद पंचायतों तथा स्थानीय
- जनसमुदाय के सहयोग से श्रमदान



**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं जीर्णोद्धार के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत विभागों, जनपद पंचायतों तथा स्थानीय जनसमुदाय के सहयोग से श्रमदान, सफाई एवं तालाब गहरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। शनिवार को भी स्कूल शिक्षा विभाग की टीम ने भूखी माता घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। टीम ने पूरे घाट क्षेत्र को साफ कर स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। जनपद पंचायत उज्जैन के सीईओ संदीप यादव ने बताया कि गोविन्द माधव सरोवर में जनपद उज्जैन की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सक्रिय श्रमदान किया।

### 50 से अधिक कृषकों ने उपजाऊ मिट्टी डाली

आसपास के गांवों के 50 से अधिक कृषकों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से तालाब की काली एवं उपजाऊ मिट्टी अपने खेतों में डाली है। इस कार्य का दस्तावेजीकरण भी पंचायत द्वारा किया गया है। इसी क्रम में शांतिधाम पर झाड़ी-झंखाड़ काटकर सफाई कार्य किया गया, जिससे क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर हो गया है। कलेक्टर ने विभागों, पंचायतों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें।